## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 09.11.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देहरादून में उत्तराखंड के स्थापना दिवस पर रजत जयंती समारोह में भाग लिया; आठ हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया।
2. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज लुआंदा में अंगोला के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय वार्ता कीं।
3. केन्द्र सरकार ने इक्सक्लूसिव इकनॉमिक जोन में सतत मत्स्य दोहन के लिए नियम लागू किए है।
4. खेल एवं युवा कार्य निदेशालय द्वारा 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत ओपन रोड रेस का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देहरादून के उत्तराखंड स्थापना दिवस का रजत जयंती समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने देहरादून के वन अनुसंधान संस्थान में आयोजित एक कार्यक्रम में आठ हजार करोड रूपये से अधिक की लागत की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया और आधारशिला रखी। ये परियोजनाएं पेयजल, सिंचाई, तकनीकी शिक्षा, ऊर्जा, शहरी विकास, खेल और कौशल विकास सहित कई मुख्य क्षेत्रों से संबंधित हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत श्री मोदी ने 28 हजार से अधिक किसानों के बैंक खातों में 62 करोड रूपये से अधिक की वित्तीय सहायता राशि भी अंतरित की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया। समारोह को संबोधित करते

हुए उन्होंने राज्य की स्थापना की रजत जयंती पर उत्तराखंड के लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों में उत्तराखंड ने विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। श्री मोदी ने राज्य की अप्रयुक्त क्षमताओं का विस्तार करने पर ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार उत्तराखंड को विकास की नई ऊंचाईयों पर ले जाने के लिए निरन्तर कार्यरत है। श्री मोदी ने एक प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विभिन्न हितधारकों के साथ बातचीत की।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लुआंडा में अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ लौरेंसो के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इससे पहले, अंगोला पहुंचने पर लुआंडा स्थित राष्ट्रपति भवन में उनका भव्य औपचारिक स्वागत किया गया। दोनों नेताओं ने भारत और अंगोला के बीच बहुआयामी साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर व्यापक चर्चा की। बातचीत के दौरान, राष्ट्रपति मुर्मु ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने उत्कृष्ट संसदीय प्रथाओं के आदान–प्रदान, कृषि – विशेष रूप से बीजों और उर्वरकों – तेल अन्वेषण और शोधन, संचार और परिवहन अवसंरचना, दुर्लभ मृदा खनिजों और हीरा प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में सहयोग की सम्भावनाओं पर विचार किया। उन्होंने क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, रक्षा सहयोग और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों पर भी ज़ोर दिया। सतत विकास के प्रति अंगोला की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए, राष्ट्रपति मुर्मू ने भारत के नेतृत्व वाले दो प्रमुख वैश्विक कार्यक्रमों – ग्लोबल बायो फ्यूल एलायंस और इंटरनेशन बीग कैट एलायंस में शामिल होने के लिए अंगोला को

बधाई दी। दोनों पक्ष चुने हुए क्षेत्रों में सहयोग को औपचारिक रूप देने के लिए कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर और आदान–प्रदान करने वाले हैं।

<><><><><><><>

भारतीय वायु सेना के तिरानब्बेवीं वर्षगांठ के अवसर पर आज गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी के ऊपर एक शानदार उड़ान प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य थे। विशिष्ट अतिथियों में असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, पूर्वी वायु कमान के एओसी–इन–सी एयर मार्शल सूरत सिंह और भारतीय वायु सेना तथा राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। इस उड़ान प्रदर्शन में इस वर्ष के समारोह की थीम "अचूक, अभेद्य और सटीक" को दर्शाया गया। इस प्रदर्शन के मुख्य आकर्षणों में तेजस, हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर अपाचे, सी–295 और हॉक्स शामिल थे, जो राष्ट्रीय लचीलेपन के मार्ग का प्रतीक थे। हार्वर्ड, सुखोई 30 और राफेल ने लुभावने निम्न स्तरीय हवाई करतबों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

<><><><><><><>

केन्द्र सरकार ने इक्सक्लूसिव एकनॉमिक जोन में सतत मत्स्य दोहन के लिए नियम लागू किए है। इस नियम का उददेश्य अवैध मछली पकड़ने पर रोक, छोटे मछुवारों को सशक्त बनाने और समुद्री निर्यात बढ़ाना है। इन नियमों से मछुआरा सहकारी समितियों को प्रशिक्षण अंतरराष्ट्रीय यात्रा, प्रसंस्करण, विपणन और ब्राडिंग में सहायता दी जाएगी। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना और मत्स्य एवं जलीय कृषि अवसंरचना विकास निधि के तहत सस्ती ऋण सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। मदर एंड चाइल्ड वेसल प्रणाली लागू की जाएगी जिससे समुद्र में ही ट्रांसशिपमेन्ट की सुविधा उपलब्ध होगी। अंडमान निकोबार और लक्षद्वीप जैसे क्षेत्रों को इससे

विशेष लाभ होगा। क्योंकि ये भारत के ई ई ज़ेड क्षेत्र के लगभग आधे हिस्से का प्रतिनिधित्व करते है। नए नियमों के तहत यांत्रिक नौकओं को ऑनलाइन रियल क्राफ्ट पोर्टल के माध्यम से निशुल्क एक्सस पास उपलब्ध कराया जाएगा। यह व्यवस्था पूरी तरह डिजीटल और पारदर्शी होगी।

<><><><><><>

खेल एवं युवा कार्य निदेशालय, अंडमान एवं निकोबार प्रशासन द्वारा 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत कल पुरुषों की 10 किमी और महिलाओं की 5 किमी ओपन रोड रेस का आयोजन नेताजी स्टेडियम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से किया गया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट सचिन पराशर ने दौड़ को हरी झंडी दिखाई, जबकि शिक्षा एवं खेल निदेशक विक्रम सिंह मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में लगभग दो सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें विद्यार्थी, कॉलेज छात्र और आम नागरिक शामिल थे। खेल निदेशक ने घोषणा की कि नवंबर या दिसंबर 2025 में 'मैराथन दौड़' का आयोजन नॉर्थ बे और नेताजी स्टेडियम से किया जाएगा, जिसमें मुख्यभूमि से भी प्रसिद्ध हस्तियां शामिल होंगी।

<><><><><><>

जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा पन्द्रह नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री विशेष रूप से असुरक्षित जनजाति समुह पी वी टी जी के लाभार्थियों से वर्चुअल माध्यम से संवाद करेंगे।

<><><><><><>

कैम्पबेल बे के गांधीनगर में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। गांधीनगर सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मी नगर ग्राम पंचायत के

प्रधान प्रहलाद सिंह ने की। सभा के दौरान ग्रामीणों ने कई महत्वपूर्ण समस्याएं विभागीएं अधिकारियों के समक्ष रखी। अधिकारियों ने जल्द से जल्द उनकी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>